महत्वपूर्ण एवं खास

सीजीपीएससी ने सहायक वन आरक्षक और वन क्षेत्रपाल पदों पर भर्ती का रिजल्ट किया जारी

रायपुर। सीजीपीएससी ने सहायक वन आरक्षक और वन क्षेत्रपाल पदों पर हुई भर्ती का रिजल्ट जारी कर दिया है। बता दें सहायक वन आरक्षक के लिए 13 और वन क्षेत्रपाल 46 पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया गया था। वहीं, इन पदों के लिए 25 मार्च को लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया था। लिखित परीक्षा में पास हुए उम्मीदवारों को 5 और 7 दिसंबर को साक्षात्कार के लिए बुलाया गया है।

लैलूंगा क्षेत्र के कर्राहन जंगल में मिला अज्ञात युवक की लाश

रायगढ़। लैलूंगा थाना क्षेत्र के ग्राम कर्राहन के जंगल में एक

अज्ञात युवक की लाश मिली है। युवक के सिर में चोट के निशान है जिससे उसकी हत्या होने का अनुमान लगाया जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस की मौके पर पहुंच गई है और मामले की जांच में जुट गई है। युवक की पहचान अभी तक नही हो पायी है। जिसकी पतासाजी की जा रही है। शव को लैलूंगा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया है।

10 लिटर महुआ शराब जब्त

रायगढ़। 7 दिसम्बर के सुबह करीब 07.30 बजे सरिया पुलिस ने मुखबिर सूचना पर ग्राम साल्हेओना में रहने वाले समय लाल सतनामी के घर डिपापारा में शराब रेड की कार्यवाही किया गया। समयलाल के घर पर उसकी पत्नी श्रीमती चमारिनसतनामी पति समयलाल उम्र 46 साल मिली, जिसने पुलिस को पूछताछ में शराब बेचना बतायी। आरोपिया के पास से 10 लिटर हाथ भट्ठी महुआ महुआ शराब जप्त किया गया जिसके विरूद्ध थाना सरिया में अप.क्र. 266/18 धारा 34 (2), 59 (क) आबकारी एक्ट पंजीबद्ध कर कार्यवाही की गई है।

मुगावली रोड पर एनएच 27 में मिला सीलबंद ईवीएम,निर्वाचन आयोग ने जिम्मेदार अधिकारी को किया निलंबित

राजस्थान। राजस्थान में मतदान की प्रक्रिया संपन्न होने के बाद दो अधिकारियों की लापरवाही सामने आई है।

बताया जा की बारां जिले के किशनगंज विधानसभा के शाहाबाद क्षेत्र में मुगावली रोड पर एनएच 27 के पास एक सीलबंद ईवीएम लावारिस हालत में मिली है। जिसको लेकर प्रशासनिक अमले में हड़कंप मच गई है। हालांकि प्रत्यक्षदर्शी का कहना यह है कि ईवीएम की सील से कोई छेड़खानी नहीं हुई है लेकिन इतनी बड़ी लापरवाही के चलते निर्वाचन आयोग ने दो जिम्मेदार अधिकारियों को सस्पेंड कर दिया है।

सभी टेबलों पर मतगणना होने के बाद ही अगले राऊंड की गिनती होगी शुरू - सीईओ

रायपुर। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुब्रत साहू ने बताया है कि मतगणना के दौरान प्रत्येक राउंड के मतों की गिनती सभी टेबलों में एक साथ होगी। सभी टेबलों कीगिनती पूरी करने के बाद ही अलगे राउंड की गिनती शुरू की जाएगी। उन्होंने बताया कि निर्वाचन की पारदर्शिता बनाए रखने के लिए हर कदम उठाए जा रहे हैं।ईवीएम की गिनती

शुरू होने के पहले डाक मतों की गिनती शुरू होगी। सुब्रत साहू ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में राजनीतिक दलों केप्रतिनिधियों के साथ मतगणना की तैयारियों तथा मतगणना प्रक्रिया के संबंध में बैठक की। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा इंतजाम, प्रत्याशियों के चुनावअभिकर्ताओं के लिए आवश्यक मार्गदर्शी निर्देशों, मतगणना प्रक्रिया तथा प्रत्याशियों के अधिकारों एवं दायित्वों पर भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों को साझा किया।

पद्मश्री पंडित श्यामलाल चतुर्वेदी का दुखद निधन

रायगढ़ (आरएनएस)। छत्तीसगढ़, छत्तीसगढ़ी भाषा और छत्तीसगढ़ीयों के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाले मूर्धन्य भाषाविद, शिक्षक, साहित्यकार, कवि, लेखक, राजभाषा आयोग के प्रथम अध्यक्ष पंडित श्यामलाल चतुर्वेदी जी का जाना सबको बहुत व्यथित कर रहा है।

उनका देहावसान हमारे लिए एक पारिवारिक क्षति भी है। परम आदरणीय चतुर्वेदी का मेरे पिता जननायक रामकुमार अग्रवाल से बहुत अंतरंग संबंध था वह जब भी रायगढ़ आते थे हमारे निवास स्थान जरूर आते थे। उनकी मेरे पिता के साथ छत्तीसगढ़ की विभिन्न समस्याओं को लेकर लंबी और गहन चर्चा होती रहती थी। दोनों एक दूसरे का बहुत सम्मान करते थे। पंडित जी पिछले कुछ दिनों से बहुत बीमार चल रहे थे, हमने रायगढ़ में एक कार्यक्रम में उनकी शिरकत के लिए निवेदन भी किया था लेकिन उन्होंने अपनी स्वास्थ्य की वजह से असमर्थता जाहिर की। उनके जीवन और कार्यो का अनुसरण करके ही हम उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि देंगे और छत्तीसगढ़ की सेवा कर पाएंगे ऐसा मेरा मानना है।

जननायक परिवार अपनी गहन संवेदनाएं प्रकट करता है। प्रभु उन्हें अपने चरणों में स्थान दें, उनके परिवार को यह असीम दुख सहने की शक्ति दे।

अब बिलासपुर विमानतल से भी हवाई सेवा शुरू होगी

रायपुर। काफी समय से हवाई सेवा शुरू करने के लिए अनुमति का इंतजार कर रहे बिलासपुर विमानतल को डीजीसीए ने मान्यता दे दी है। विमानन अधिकारियों का कहना है कि कुछ महीने पहले जब डीजीसीए की टीम यहां निरीक्षण पर आई थी तो निर्माण के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए थे। उसके अनुसार ही निर्माण किया गया। इसके बाद से उड़ान की अनुमति का इंतजार था, जो गुरुवार को मिल गई। अब बिलासपुर विमानतल से भी हवाई सेवा शुरू हो सकेगी। वहीं घरेलू विमान सेवा को बल मिलेगा।

अलग-अलग दो घटनाओं में मोबाईल लूटपाट करने वाले एक अपचारी बालक सहित अन्य 3 आरोपी गिरफ्तार

रायगढ़। पुलिस चौकी खरसिया अन्तर्गत मंगल बाजार में दिनांक 05.12.18 के शाम करीब 6 बजे खरीददारी करने आये दो व्यक्तियों से कुछ युवकों ने मोबाईल लूटपाट किया गया। आरोपियों को बाजार की भीड ने पकड़ लिया, आरोपियों से पूछताछ कर चौकी खरसिया पुलिस द्वारा उनके अन्य साथियों को गिरफ्तार किया गया है।

जानकारी अनुसार रेल्वे कालोनी खरसिया में रहने वाला प्रीतम कुमार पिता पप्पू सिंह उम्र 17 वर्ष अपने भैया के साथ मंगल बाजार सब्जी लेने आया था, शाम करीब 6 बजे एक लड़का प्रीतम कुमार को धक्का मारकर उसके Samsung मोबाईल को छीनकर भागने लगा, जिसे भीड़ ने पकड़ लिया, पकड़े गये युवक ने अपना नाम कमल कुमार चौहान पिता रवि चौहान उम्र 19 साल निवासी पुरानी बस्ती खरसिया बताया। चौकी खरसिया पुलिस द्वारा आरोपी कमल चौहान से पूछताछ करने पर अपने दो साथियों के साथ लूटपाट करना बताया, जिसमें से एक आरोपी विजय यादव पिता कुधरिया यादव उर्फ गुरू उम्र 18 वर्ष निवासी चंदन तालाब के पास खरसिया को गिरफ्तार किया गया है। एक अन्य आरोपी अपने सकुनत से फरार है। घटना के संबंध में थाना खरसिया में अप. क्र. 845/18 धारा 392 ता.हि. पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। घटना के फरार आरोपी की पतासाजी की जा रही है।

मंगल बाजार में लूटपाट की एक अन्य घटना तेलीकोट खरसिया में रहने वाले आशुतोष कुमार बंजारे पिता नारायण प्रसाद बंजारे उम्र 21 वर्ष के साथ दिनांक 05.12.18 के शाम करीब 06.30 बजे मंगल बाजार में घटित हुई, आशुतोष कुमार बंजारे की माइक्रोमैक्स मोबाईल फोन को एक बालक (17 साल) छीनकर भाग रहा था, जिसे बाजार में भीड़ ने पकड़ा। चौकी खरसिया पुलिस को बालक ने पुलिस को अपने साथी लक्ष्मी प्रसाद उर्फ भानु चौहान पिता सुशील चौहान उम्र 20 निवासी चंदन तालाब के पास खरसिया के साथ लूटपाट करना बताया, जिसे गिरफ्तार किया गया है। घटना के संबंध में थाना खरसिया में अप.क्र. 846/18 धारा 392 ता.हि. पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। मामले में आरोपियों से लूटी गये मोबाईल फोन जप्त कर अपचारी बालक सहित गिरफ्तार आरोपियों को रिमाण्ड पर भेजा गया।

जुआरियों पर पुलिस की गिरी गाज

रायगढ़। थाना धरमजयगढ़ स्टाफ द्वारा मुखबिर सूचना पर ग्राम दुर्गापर कालोनी में मुर्गीफार्म के पास जुआ खेल रहे संजय विश्वास पिता अनादी विश्वास उम्र 29 वर्ष साकिन दुर्गापुर कालोनी, किशन साह पिता कालीया साह उम्र 22 साकिन धरमजयगढ़ कालोनी, अमित सरकार पिता सत्यनारायण सरकार उम्र 20 वर्ष साकिन धरमजयगढ़ कालोनी, अजित दास पिता सुबोधदास उम्र 30 वर्ष साकिन साहपुर, तरूणदास पिता नितईदास उम्र 30 वर्ष साकिन धरमजयगढ कालोनी को मौके पर पकड़े , जिनके पास से जुमला रकम 1970 रूपये 52 पत्ती तास जप्त किया गया है, जुआड़ियान के विरूद्ध थाना धरमजयगढ़ में अप.क्र. 324/18 धारा 13 जुआ एक्ट की कार्यवाही की गई है।

वहीं एसडीओपी धरमजयगढ़ के हमराह में धरमजयगढ़ स्टाफ द्वारा 6 दिसम्बर की रात्रि करीब 11 बजे मुखबिर सूचना पर नीचेपारा धरमजयगढ़ में जुआ खेल रहे व्यक्तियों को घेराबंदी कर पकड़े, मौके पर समय अग्रवाल पिता नरेश अग्रवाल उम्र 18 वर्ष साकिन नीचेपारा धरमजयगढ, आशीष मण्डल पिता अरूण मण्डल उम्र 29 वर्ष साकिन पतरापारा धरमजयगढ़ अजहर खान पिता ताहिर खान उम्र 24 वर्ष साकिन पीपरमार धरमजयगढ़, प्रशांत सिंह पिता यदुसिंह उम्र 24 वर्ष सकिन पतरापारा धरमजयगढ़, शोएव अंसारी पिता जियाउद्दीन अंसारी उम्र 28 वर्ष साकिन नीचेपारा धरमजयगढ़, जलील खान पिता अमोद खान उम्र 22 वर्ष साकिन मज्जिदपारा धरमजयगढ़ जुआ खेलते मिले जिनके पास से जुमला रकम 5320 रूपये, तास के 52 पत्ती एवं एक बोरी जप्त किया गया है, जुआरियों के विरूद्ध थाना धरमजयगढ़ में अप.क्र. 326/18 धारा 13 जुआ एक्ट की कार्यवाही किया गया है।

इसी प्रकार थाना सरिया स्टाफ द्वारा 6 दिसम्बर के शाम करीब 5 बजे मुखबिर सूचना पर उकिया देवी कालेज के पीछे बैठ कर जुआ खेल रहे 1. संतोष मराठा पिता सुनाउ मराठा उम्र 43 वर्ष निवासी राजीव नगर सरिया एवं 2. विशिकेशन मेहर पिता फगनु मेहर 42 वर्ष निवासी पडिगांव थाना पुसौर को पकड़े, जिनके पास से नगदी रकम 3500 रूपये एवं 52 पत्ती तास जप्त किया गया है। आरोपियों के विरूद्ध थाना सरिया में अप.क्र. 265/18 धारा 13 जुआ एक्ट की कार्यवाही की गई है।

तत्काल आवश्यकता है

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कुलर की सभी तरह की प्रिंटिंग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें ....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की

खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।

स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090

CAREER SCHOOL

HINDI & ENGLISH MEDIUM SCHOOL

स्थापना दिनांक 1 जुलाई 1996

पिछले 22 वर्षो से लगातार बच्चों के साथ...

ADMISSION OPEN

ENGLISH MEDIUM

For Nuresery to 10th

Topper Students Last Session

Topper Students Last Session

Join CAREER...

Major Facts

1/ Well Qualified Teachers....
2/ A perfact ratio of Techers and Students regarding classes...
3/ Complete Caring Atmosphere.
4/ Good and Equipped Class rooms....
5/ Value based education like daily classes for Logical Maths, G.K.,English Grammar....
6/ CCTV equipped School...
7/ Scientific and Cultural Activities Every Saturday....
8/ And above all Attention on Each and Every Student of the School....

CAREER SCHOOL
ENGLISH MEDIUM
BEHIND STADIUM STREET
RAIGARH C.G.
07762-221359

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कृष्ण सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य साथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जायेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जायेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जायेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career School, Raigarh, C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO.-CHHHIN16931